तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जनवरी 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

13 पूर्णिमा ज्ञानेश्वरी फाउंडेशन की हुई शुरुआत..



14 कोमाखान में वाद्य यंत्र के साथ निकाली ..



## झरिया का पानी पीते थे और सिर पर छत भी नहीं थी, आज मिल रही मूलभूत सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सर पर पक्की छत नही और पीने के पानी

- बहुरने लगे कमार बस्ती के दिन, विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय जुड़ रहे विकास की मुख्य धारा से

के लिए झरिया खोदकर पानी रिसने का इंतजार। यह हालात रहे हैं कुछ साल पहले मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम झालखम्हरिया में रहने वाले कमार बस्ती का। कमार समुदाय सैकड़ों वर्ष से मुख्य बस्ती से अलग रहते हुए एक विशेष टोला में निवास कर रही है। यहां 16 कमार परिवार रहते हैं, जिनमें 55 सदस्य हैं। जबकि गांव की कुल जनसंख्या 2152 है।

बता दें कि इन परिवारों के पास कुछ वर्ष पहले तक ना तो उनके पास पक्का आवास था और न शुद्ध पेयजल की उपलब्धता। खद्दर और घासफूंस से बने झोपड़ी में रहकर अपनी जिंदगी बसर करने वाले राम सिंह कमार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कारण आज यह पक्का छत नसीब हुआ है। मनीषा बाई कमार, फुलेश्वरी कमार बताती है कि एक समय वे झरिया का पानी पीने के लिए मजबूर थे। पास के तालाब में गढ्डा खोदकर पानी रिसने का इंतजार करते और सुबह और शाम पानी की बूंद के लिए तरसते रहे। लेकिन, आज हमारे घर में नल है, हमें शुद्ध पानी पीने को मिल रहा है। लक्ष्मी कमार बताती है कि सुबह से उठकर जंगल जाते लकड़ी लाने और वहीं से कुछ तेंदू, चार व कंदमूल लाकर बमुश्किल से अपना जीवन यापन करते रहे। लेकिन, अब सभी परिवारों के पास उज्वला गैस अंतर्गत गैस मिला हुआ है। अब हम लकड़ी पर आश्रित ना होकर गैस में खाना बना रहे हैं। समूह से जुड़कर अब काम भी करने लगे हैं। मनरेगा से काम भी मिलता है। कमार अपनी सांस्कृतिक परंपरा और विरासत को सहेजते हुए बच्चों को स्कूल भेज रहे हैं और बांस से बने सूपा और टोकरी बना कर और उसे बेचकर अपनी आजीविका चला रहे हैं। मनरेगा के तहत कमारों को गांव में ही रोजगार मिल रहा। पीएम आवास योजना के हितग्राही हीरालाल कमार, मुन्नीबाई, सोनवती ने बताया कि अब हमें जंगली जानवरों से डर नहीं लगता क्योंकि पहले कच्ची दीवार होने के कारण हमेशा डर बना रहता था। साथ ही गांव में सभी के पास राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड बन गया है। जन्म प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र भी बनाया जा रहा है।

### 3240 कमार निवासरत

जिले में महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा विकासखंड में 894 परिवार के 3240 विशेष पिछड़ी जनजाति कमार निवासरत है। इन सभी गांव के पारो और टोलों में शिविर लगाकर योजना की पहुंच और लाभ सुनिश्चित की गई। योजना से कमार बस्ती को अब पक्की सड़क से जोड़ने की योजना भी है। गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कमारों को यह सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।




### पक्की सड़क से जोड़ने मंगाए गए हैं प्रस्तावः कलेक्टर



कलेक्टर से प्रभात मलिक ने बताया कि जिन बसाहट में 100 से अधिक सदस्य हैं उन बसाहट को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए प्रस्ताव मंगाए गए हैं। योजना के तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, आधर कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पक्का आवास, नल जल योजना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जहर सेवन करने से दो लोगों की मौत

**महासमुंद।** जहर सेवन से मौत के दो मामले सामने आए हैं। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम झाखरमुड़ा के निवासी बाबूलाल निषाद पिता स्व. तिजऊ राम (59 साल) ने अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया था। वही दूसरा मामला सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम चारभांठा के कौशल बरिहा पिता चहलू (20 साल) ने अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया। इन दोनों के परिजनों ने इलाज के लिए महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों घटना पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है।

### सायकल से गिरने से अधेड़ की मौत

**महासमुंद।** सायकल से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पटेवा थाना पुलिस ने बताया कि- लेखराम ध्रुव पिता कोदन ध्रुव (55 साल) निवासी तोरला ग्राम चिरको से तोरला रोड पर खेत के पास सायकल से गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### लक्ष्मण मंदिर परिसर के बाहर से बाइक पार

**महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के सिरपुर लक्ष्मण मंदिर परिसर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। प्रार्थी भरत वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है की बाइक क्र सीजी04 ओडब्लू 5342 कीमत 8000 रुपए को सिरपुर लक्ष्मण मंदिर परिसर के बाहर खड़ी थी, जिसे किसी ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 भादवि अपराध कायम कर जांच विषय में लिया है।

### ट्रैक्टर की ठोकर से एक घायल

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की ठोकर से एक बाइक चालक घायल हो गया। प्रार्थी पूरन सिंह बुड़ेक पिता मोतीराम (56 साल) ने सांकरा पुलिस को बताया कि ग्राम सपोस से कुर्माडीह जाने के रास्ते में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 डीए 9770 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसके मोटरसाइकिल को ठोकर मार दिया। जिसके चलते उसके साथ बैठे विश्वामित्र के दाहिने पैर में चोटें आई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महिला ने लिखाई पति के खिलाफ रिपोर्ट

**महासमुंद।** महिला से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने उसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है। ग्राम जोबा की फलेश्वरी बघेल पति लांरेश बघेल ने पुलिस को बताया कि उसके पति ने ससुराल ग्राम जोबा में मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। तुमगांव पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी पति के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## तैयारी : मंदिरों में भजन-कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण की तैयारी

# राम के स्वागत में रमे लोग घर-घर पहुंच रहा आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अयोध्या में भगवान श्री राम की

- अयोध्या धाम में विराजेंगे रामलला, यहां मनेगी दिवाली
- श्रीराम मूर्ति, मंदिर, पोस्टर, कैलेण्डर भी मांगने लगे लोग

जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर की 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिलेवासियों में काफी उत्साह है। इसे लेकर जगह-जगह तैयारियां शुरू होने के साथ लोगों को घर-घर आमंत्रण पहुंच रहा है।

अयोध्या धाम के नये मंदिर में विराजने के साथ ही दिवाली पूरे देश भर में मनेगी। शहर के सभी मंदिर परिसर को आकर्षक रुप से सजाया जा रहा है। 500 साल बाद यह शुभ दिन देखने को मिल रहा है, प्राण-प्रतिष्ठा के उत्सव के तहत 22 जनवरी को घर-घर में दीप जलाए जाएंगे।



### धार्मिक पुस्तकों की डिमांड बढ़ी

कोरोना के बाद लोगों में धर्म के प्रति विश्वास बढ़ा है तथा धार्मिक आस्था में लोग घुलने लगे हैं। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर लोगों में उत्सुकता भी है, जिससे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दिन कई लोग अपने घरो में भी भगवान राम की मूर्ति स्थापित करेंगे। धार्मिक पुस्तक की दुकान देवर्षि बुक डिपो के संचालक ने बताया कि अभी धार्मिक पुस्तकों की डिमांड बढ़ी है। इन दिनों रामायण, गीता, पुराण तथा पूजा विधि की पुस्तक की मांग हो रही है।

### मानस मंडलियों ने कहा- 22 के लिए कई बुकिंग

श्रीराम के मंदिर में प्राण- प्रतिष्ठा उत्सव में मानस गायन मंडलियों की पूछ परख भी बढ़ी है। मानस मंडलियों को अभी से एडवांस में रिजर्व रखा गया है। ग्राम धनसुली के मानस पार्टी के संचालक सेवन साहू ने बताया कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन कई जगहों से मानस गायन हेतु बुकिंग आ रहे हैं। लेकिन, एक दिन में केवल 3 से 4 ही बुकिंग ले रहे। क्योंकि एक-एक समय में 3-3 घंटा गायन-वादन करने पर ही समय निकल जाता है।

### अक्षत का आमंत्रण व वितरण किया जा रहा

अयोध्या से आए अक्षत-चावल का वितरण और आमंत्रण का घर-घर में वितरण किया जा रहा है। सभी लोगों से अपील की जा रही कि 22 जनवरी को अपने-अपने घर में दीप जलाएं, रंगोली बनाएं, पटाखा फोड़े, साथ ही मिष्ठान का वितरण करें, जिसमें महिलाओं और बच्चों की टोली भी शामिल हो रही है।

### दीये तैयार करने में जुटे कुम्हार

जिस तरह अयोध्या में दीपक जलाया जाएगा, उसी तरह सनातनी लोग अपने घरों में दीये जलाएंगे। इसी आशा और विश्वास के साथ कुम्हार भी दीये बनाने में जुट गए हैं। क्योंकि अचानक से मांग आने पर दीये तैयार नहीं हो पाएंगे, ऐसे में पहले से ही दीये तैयार करने में जुट गए हैं। कुम्हार पारा निवासी गणेश पाड़े ने बताया कि अभी मिट्टी के दीये बनाने के लिए कोई आर्डर नहीं आया है, फिर भी जिस तरह से क्षेत्र में माहौल चल रहा है, उसके हिसाब से दीये बनाने का काम शुरू कर दिया गया है।

### मंदिरों में होंगे भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम

शासन स्तर पर 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में भी भव्य एवं वृहद रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने के निर्देश विभाग को दिए हैं। प्रत्येक विकासखंड स्तर से कम से कम ऐसे एक विशिष्ट मंदिर में 22 जनवरी को दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान एवं लाइटिंग व्यवस्था की जाएगी। राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में मानस मंडलियों को जोड़ा जाना है। मानस मंडलियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक मंडली को 5000 रुपए प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है।

## गांजा की तस्करी करते 2 अंतरराज्यीय तस्कर बंदी



आरोपियों के कब्जे से 10 लाख रुपए का 20 किलो का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेलसोंडा रेलवे स्टेशन में उत्तर प्रदेश के दो व्यक्तियों से 20 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ पकड़ा गया। ओडिशा से सूटकेस में भरकर ले जा रहे गांजा की कीमत 10 लाख रुपए बताई जा रही है, जिसे मुखबिर की सूचना पर सायबर सेल की टीम ने मौके से पकड़ा।

सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थ गांजा तस्करी की रोकने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तहत सभी प्रभारीगण में अपने-अपने क्षेत्रों में मुखबिरों को सक्रिय कर संदिग्धों व गांजा तस्करों पर निगाह रखी जा रही थी इसी क्रम में शनिवार को सायबर सेल टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति रेल्वे स्टेशन बेलसोंडा के पास एक मेहरून रंग के बड़ा सूटकेस में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखे हुए है। सूचना पर सायबर सेल एंव थाना कोतवाली की टीम द्वारा रेलवे स्टेशन बेलसोंडा पहुंचे और मुखबिर की निशानदेही पर घेराबंदी कर दो व्यक्ति को पकड़ा गया। वे एक मेहरून रंग का बड़ा सूटकेस लेकर बैठे थे। पूछताछ में एक ने अपना नाम अंकित शर्मा पिता भगवती प्रसाद शर्मा 28 वर्ष मालीनगला धनीपुर मंडी जिला अलीगढ उप्र और दूसरे ने वाहिद खान पिता रमजादी खान 26 वर्ष सलेमपुर जिला अलीगढ उप्र का होना बताएं।

### सूटकेस में मिला गांजा

दोनों संदिग्धों की तलाशी के दौरान सूटकेस में 04 पैकेट भूरे रंग के टेप में लिपटा अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। मादक पदार्थ गांजा रखने का कोई भी वैधानिक कागजात नही होने पर आरोपियों को कब्जे 20 किलो 780 ग्राम कीमती 10, 39, 000 रुपए को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में अपराध धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कार्रवाई में रहे शामिल

इस पूरी कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा के मार्गदर्शन में अति पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु अधिकारी श्रीमती मंजू बाज के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी सुश्री मोनिका श्याम, सायबर सेल प्रभारी संतोष सिंह एवं सायबर सेल व थाना कोतवाली पुलिस टीम शामिल रहीं।

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत आज जिले के दौरे पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार के केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज जिले के दौरे पर रहेंगे। वे सुबह 10 बजे रायपुर से प्रस्थान कर 10:40 बजे महासमुंद के विशेष पिछड़ी जनजाति ग्राम झालखम्हरिया पहुंचेंगे। जहां वे कमार परिवारों के



साथ चर्चा कर योजनाओं की जानकारी लेंगे। तत्पश्चात शेखावत सुबह 11:45 बजे जिला पंचायत में प्रधानमंत्री जन मन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात अपरान्ह 1:45 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री साव भी रहेंगे शामिल



केंद्रीय मंत्री शेखावत के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव भी जिले के दौरे पर रहेंगे। वे विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों के लिएं आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात श्री साव कार्यक्रम पश्चात अपरान्ह 1:00 बजे वे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सूखा लहरा लेने लगी भक्तों की भीड़..





**महासमुंद।** मकर सक्रांति के अवसर पर ग्राम चिंगरौद स्थित महानदी में सूखा लहरा लेने भक्तों की भीड़ लगी रहीं। इस अवसर पर नदी के बीचोबीच मेला का आयोजन किया गया।

## श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चलेगा सफाई अभियान

# सफाई अभियान में शामिल हुए विधायक योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर

- ईडब्लूएस कालोनी में स्वच्छता पखवाड़ा और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी

पर देश के सभी देव स्थानों को और अधिक स्वच्छ और निर्मल बनाने का अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रारंभ किया है। इसी तारतम्य मां महामाया मंदिर परिसर में विधानसभा के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान का आगाज हुआ। जिसमें सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान सहित पार्षद, नागरिक व पदाधिकारीगणों की मौजूदगी में



शुरुआत की गई। इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने सभी नगरवासियों को आग्रह किया किया कि इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और रामलला के आगमन से पहले देशभर के मंदिरों व तीर्थक्षेत्रों को स्वच्छ बनाएं।

महासमुंद के हाउसिंग बोर्ड कालोनी ईडब्लूएस में स्वच्छता पखवाड़ा और राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी हेतु स्वच्छता कार्यक्रम रखा गया। जिसके तहत कालोनी में चारो ओर उगे हुए आवांछित पौधों को काटकर साफ किया। साथ ही कॉलोनी के सभी 12 ब्लाकों के पीछे पालीथिन और अन्य कचरे को साफ किया गया। पूरी कॉलोनी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार करने का बीड़ा कालोनीवासियों ने उठाया। साथ ही कालोनी के रहवासियों को स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया गया। अभियान के अंत में सभी ने नारा बुलंद किया मोर महासमुंद स्वच्छ महासमुंद, मोर कालोनी स्वच्छ कालोनी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दुष्यंत घाड़गे, रेखराम साहू, मानिक यादव, कमलेश पटेल, क्रांति निषाद, प्रशांत जोल्हे, डालाराम चंद्राकर, शिवकुमारी यादव, माधुरी घाड़गे, विनीता पटेल, पुष्पांजलि साहू, लोकेश्वरी पटेल, हर्षा हिशीकर आदि उपस्थित रहे।

### खिलाड़ियों से मारपीट

**महासमुंद।** क्रिकेट खेलने की बात को लेकर खिलाड़ियों से मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी टेकराम सिदार पिता बिहारी सिदार (24 साल) ने सरायपाली पुलिस को बताया कि क्रिकेट खेलने की बात को लेकर उसके और अन्य क्रिकेट खिलाड़ियों का रास्ता रोककर ग्राम नूनपानी के आरोपी तोषराम भारतीय, वीरेंद्र भारती, सालिकराम, संतलाल भारती सहित करीब 5 अन्य लोगों ने मिलकर गालियां देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### शराब के अवैध विक्रेताओं पर जिले की पुलिस ने कार्रवाई की

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने अलग-अलग जगहों से महुआ शराब जब्त करते हुए बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। बलौदा पुलिस ने जयप्रकाश नंद पिता पूरन नंद (44 साल) ग्राम कुसमीसरार के घर मे छापा मारकर बाड़ी मे अवैध रूप से रखे 4000 एमएल महुआ शराब कीमती 800 रुपए को बरामद कर जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। तेंदूकोना थाना पुलिस ने गोविंद राम मिरी पिता दुलार मिरी (59 साल) ग्राम हनुमानडीह को खुलेआम अवैध शराब की बिक्री करते पाया, जिसके पास रखे 4320 एमएल महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त कर 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। बसना पुलिस ने एक ही गांव के दो लोगो से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे कुल 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त किया है। आरोपी रघु भोई पिता बाला (58 साल) ग्राम छांदनपुर को रोड़ किनारे से एवं दूसरे आरोपी रामेश्वर पटेल पित मंगलू (45 साल) को गांव के चौक के पास से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### सफाई कर्मचारियों का सम्मान आज

**महासमुंद।** शहर की प्रतिदिन साफ सफाई करने वाले सफाई मित्रों, सफाई कर्मचारियों की बदौलत स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में नगर को उच्च स्थान प्राप्त हुआ है। जिसके लिए उक्त कर्मचारियों को 15 जनवरी 2024 शाम 4 बजे पालिका कार्यालय में सम्मानित किया जाएगा।

### नयापारा व हाईस्कूल में संकल्प यात्रा 18 को

**महासमुंद।** भारत सरकार की संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने और योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने व योजनाओं संबंधी जागरुकता एवं निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में जारी है। इसी क्रम यात्रा का आयोजन शहरी क्षेत्र में किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया कि नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन 18 जनवरी को स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम हाईस्कूल और नयापारा अंबेडकर स्कूल में आयोजित है। सीएमओ ने नागरिकों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### घोयनाबाहरा में राजिम जयंती महोत्सव आज

**कोमाखान।** सुवरमाल साहू समाज क्रमांक 1 के तत्वावधान में ग्राम घोयनाबाहरा में 15 जनवरी को राजिम जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए बृजराम साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव होंगे। अध्यक्षता नारायण लाल साहू करेंगे। विशेष अतिथि धरमदास साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ महासमुंद, भेखलाल साहू, मोनिका साहू, विशिष्टि अतिथि कोषराम साहू के अलावा अतिथियों में समाज के लक्ष्मण साहू, देवेंद्र साहू, एवन साहू, प्रेशन साहू, विश्वनाथ साहू फुलवारी उपस्थित रहेंगे। पूर्वान्ह 11 बजे माता राजिम व माता कर्मा भवन का शुभारंभ होगा।

## पर्व : मंदिर समिति की ओर से शाल-गमछा से किया गया सम्मान

# पंचकोशी यात्रियों ने श्वेतगंगा परिसर में डाला पड़ाव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पंचकोशी परिक्रमा में पहुंचे पदयात्रियों ने मकर संक्राति के अवसर पर बम्हनी स्थित श्वेतगंगा परिसर में पड़ाव डाला। करीब 17 सौ के आसपास पहुंचे इन पदयात्रियों में कई ऐसे थे, जो 20-25 वर्षों से लगातार पदयात्रा में शामिल हो रहे है। वही ऐसे भी पदयात्री थे, जो पहली बार इस पदयात्रा में शामिल हुए है। सभी पदयात्री लफंदी स्थित आश्रम व लोमस आश्रम के सिद्धेश्वरानंद के मार्गदर्शन में भाग ले रहे है। स्वामी सिद्धेश्वरानंद 1984 से प्रतिवर्ष पंचकोशी परिक्रमा का आयोजन करते है। यह पंचकोशी परिक्रमा छग का इकलौता आयोजन है, जो पूरे छग में एकमात्र पटेवा के पटेश्वरनाथ से शुरू होकर चंपारण, बम्हनी, फिंगेश्वर, कोपरा, लफंदी व कुलेश्वर पहुंचकर समाप्त होता है। मंदिर परिसर में बम्हनेश्वरनाथ ट्रस्ट कमेटी की ओर से स्वामी सिद्धेश्वरानंद व उनके साथ पहुंचे साधुवृंद तथा नगर पुरोहित पंकज तिवारी का शाल, गमछा भेंटकर सम्मान किया।

इस मौके पर आशीर्वचन देते हुए स्वामी सिद्धेश्वरानंद ने कहा कि पहले अलग-अलग टोलियों में अलग-अलग समय पर पंचकोशी परिक्रमा में यात्री शामिल होते थे। कोई मकर संक्राति के अवसर पर कोई छेरछेरा पुन्नी तो कोई अपनी सुविधानुसार कभी भी पंचकोशी यात्रा पर निकल पड़ते थे। इसे एक सूत्र में बांधने के लिए प्रतिवर्ष 12 जनवरी से यात्रा प्रारंभ करने का कार्यक्रम बनाया। शुरूआत में थोड़ी दिक्कतें हुई। बाद में लोग जुड़ते गए। उन्होंने कहा कि यहां निकलने वाले पंचकोशी परिक्रमा छग का इकलौता परिक्रमा है। जैसे उज्जैन, कांशी, अयोध्या तथा नर्मदा में परिक्रमा की जाती है, उसी तरह वृंदावन में 84 कोस की यात्रा का विधान है। इसी तरह यहां आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सर्वराकार डॉ संतोष अग्रवाल, होरीलाल पांडेय, सुखीराम साहू, किशन अग्रवाल, सूर्या महराज, मासूम पांडे, कृष्ण कुमार, लोमसिंह साहू, हिम्मतराम, गोपाल, प्रदीप, विजय गोस्वामी, रेवाराम, रामा, शोमनाथ, रतनू ध्रुव, परशुराम ध्रुव आदि उपस्थित थे। सम्मान उपरांत खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया।

### दर्जनों चूल्हे में बन रहा था तीर्थयात्रियों का भोजन, तिवरा और चना भाजी की रही डिमांड

एक साथ जल रहे थे दर्जनों चूल्हे, जो दशकों पूर्व मेला में जुटने वाले बीते दिनों की याद ताजा कर रहे थे जब लोग बैलगाड़ी में सवार होकर मेला जाया करते थे और वही भोजन बनाकर खाया करते है। पंचकोशी परिक्रमा में भी यह नजारा जहां-जहां पंचकोशी परिक्रमा का पड़ाव पड़ता है, वहां-वहां देखने को मिलता है। बम्हनी में भी वह दृश्य लोगों को आकर्षित कर रहा था। पंचकोशी परिक्रमा करने वाले स्वयं अपना भोजन पकाने का समान, सामाग्री और ईंधन के रूप में लकड़ी लेकर चलते हैं। यहां किसी के चूल्हे में तीन लोगों का भोजन बन रहा था तो कोई आठ, दस, पंद्रह लोगों का भोजन बनाने में जुटा हुआ था। सभी एक दूसरे का सहयोग करते दिखे। कोई पानी ला रहा है तो कोई सब्जी सुधारने में हाथ बटाने में सुख का अनुभव कर रहा है। अधिकांश चूल्हे में मिक्स वेज की सब्जियां बन रही थी। आलू, भाटा, गोभी, मटर, मुनगा, सोयाबीन, पालक के साथ ही तिवरा और चना भाजी की सब्जियां कढ़ाई में तैयार हो रहा था। पदयात्री दिन में केवल एक समय ही भोजन करते है और एक दूसरे का नाम नहीं लेते हुए सियाराम से संबोधित करते हैं।

# अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण 4.0 का संकुल स्तरीय आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

अंगना मां शिक्षा की सफल क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय हाईस्कूल बड़ेटेमरी के सभागार में किया गया। जिसमें संकुल स्तर में 12 प्राथमिक शालाओं से 12 शिक्षक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नोडल प्राचार्य बड़ेटेमरी शरद कुमार प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नोडल प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में संकुल केंद्र बड़ेटेमरी ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। यहां स्वप्रेरित शिक्षिकाओं द्वारा अधिक से अधिक स्मार्ट माता को जोड़ा गया। ताकि, वे घर पर बच्चों के साथ गतिविधि कर बच्चो के सर्वांगीण विकास में सहयोगी हो। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का संपूर्ण विकास करना है वह भी माताओं द्वारा घर पर ही पारिवारिक वातावरण में आनंदमय माहौल में हो। प्रशिक्षण पर अंगना म शिक्षा के अब तक के सफर को विस्तार से बताया गया कि किस प्रकार से यह कार्यक्रम स्वप्रेरित महिला शिक्षिकाओं के द्वारा शून्य निवेश पर शुरुआत किया गया और इसमें माताओं को जोड़कर उनकी क्षमता वृद्धि कर उनकी सहभागिता प्राप्त किया गया। तृतीय चरण तक स्मार्ट माता का चयन कर उनका गठन कर उन्हे टेलीग्राम से जोड़ना, ताकि वे गतिविधियों को आदान प्रदान कर सकें। चतुर्थ चरण में जनवरी से मार्च माह तक बच्चों के माताओं के साथ गतिविधि कराई जानी है। जिसमें प्रत्येक माह एक एक गणित व भाषा की गतिविधि खेल खेल के माध्यम से होगी, जिसमें अक्षरों को जोड़कर शब्द निर्माण, जोड़ने घटाने की संक्रिया ,सम विषम की पहचान, करना बताया जाएगा। कार्यक्रम में सिर्फ कक्षा पहली व दूसरी के बच्चे व उनकी माताएं भाग लेंगी।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर वारिश कुमार व तंजू साव द्वारा अंगना म शिक्षा 4.0 से संबंधित गतिविधि अक्षर जोड़, कुर्सी दौड़, संग बातें, ध्वनियों की गिनती, रिंग फसाओ नाम बताओ व गोटा संग गणित आदि कराकर खुशनुमा शैक्षणिक माहौल में प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर तंजु साव द्वारा एक्टिव मदर कम्युनिटी के गठन और दस्तावेजीकरण की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। अंत में संकुल समन्वयक बड़ेटेमरी व प्रशिक्षण प्रभारी वारिश कुमार द्वारा भाषा के चार कौशल सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना के साथ ही विचार कौशल और समझ के साथ पढ़ना के बारे में अपने विचार रखे। 25 अप्रैल 2024 को पढ़ई तिहार की जानकारी दी गई। मेला का आयोजन कर नौ काउंटर बनाया जाएगा। इसमें आंगनबाड़ी, बालवाड़ी के बच्चों व माताओं को शामिल किया जाएगा। ताकि, वे बच्चे आने वाले सत्र में शाला प्रवेश के पूर्व की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे की विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रकार एफएलएन अंतर्गत संकुल स्तरीय एक दिवसीय अंगना म शिक्षा 4.0 प्रशिक्षण हुआ।

## कोलिहादेवरी में बूढ़ादेव महापूजन कार्यक्रम...



**बसना।** गोंड समाज कुंजाम परिवार द्वारा ग्राम कोलिहादेवरी में बूढ़ादेव महापूजन राऊर त्यौहार का भव्य आयोजन किया गया। प्रथम दिवस शनिवार को बूढ़ादेव देवालय पर देव आह्वान एवं स्तुति की गई। रविवार को बूढ़ादेव को गूदूम बाजा एवं किंगरी वाद्य से आह्वान कर दैहा कुमर्रा द्वारा बूढ़ादेव की जयकारा करते हुए नगर भ्रमण कराया गया। गांव एवं समाज के लोगों ने घर में सफेद वस्त्र परिवेश में अक्षत चावल, दूध, नारियल चढ़ाकर बूढ़ादेव की सेवा अर्जी कर आशीर्वाद मांगा। संध्याकालीन बूढ़ादेव नगर भ्रमण पश्चात अपने देवालय में पुनः आगमन होने के बाद गोंडीयन संस्कृति के तहत पूजा पाठ कर महाआरती की गई। गांव, समाज तथा समस्त परिवार के सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में संचालन समिति में अध्यक्ष दुकालुराम, उपाध्यक्ष अरूण नाग, कुंजाम परिवार के प्रमुख कुमर्रा खगेश्वर नाग, छतरिया भरत नाग, सदस्यों में सदाराम नाग, गुंडा सिंह, पुरन नाग, उदेराम, तुलाराम, गजेंद्र नाग, महिला प्रभाग में धरमबाई दुशिला बाई, हीरोबाई, रमशिला बाई, रुक्मणी नाग, नगेशी नाग, सुमिता बाई, शक्ति नाग, उमाबाई नाग आदि का सहयोग रहा।

### तीन प्रकरणों में 99 लीटर शराब के साथ परिवहन करते 4 आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शनिवार को अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन के तीन प्रकरणों में 99 लीटर शराब के साथ चार लोगो के खिलाफ आबकारी एक्ट 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम दलदली मंदिर के पास जंगल में एक व्यक्ति एक जरीकेन में हाथ भट्ठी महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है। जिस पर टीम द्वारा मुखबिर के निशानदेही पर ग्राम दलदली मंदिर के पास जंगल में एक व्यक्ति हाथ भट्ठी महुआ देशी शराब बिक्री कर रहा था, जिसे घेराबदी कर पकड़ा गया। जिससे नाम जय कुमार ध्रुव पिता स्व पुनउ राम ध्रुव 40 वर्ष गौरखेडा निवासी होना बताया, जिसके पास 44 लीटर महुआ शराब कीमती 8800 रुपए जब्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम उमरदा प्लांट खार जंगल में कर्रा पेड़ के नीचे श्रीराम ध्रुव पिता स्व बिहारी ध्रुव 50 वर्ष ग्राम बेमचा को 50 लीटर शराब कीमती 10, 000 रुपए जब्त किया गया। वहीं, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बरौंडा चौक के पास दो मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एलएम 8954 में सवार को रोक कर तलाशी ली गई, जिसके पास एक प्लास्टिक थैला में 30 नग देशी प्लेन शराब पौवा कीमती 2400 रूपए मिला। आरोपियों ने अपना नाम टेमन यादव पिता साधू राम यादव 39 साल और चम्मन यादव पिता साधुराम यादव 32 साल वार्ड नं0 10 ईमलीभाठा महासमुंद का निवासी होना बताएं। यह संपूर्ण कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा के मार्गदर्शन में अति0 पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु अधिकारी (पुलिस) महासमुंद श्रीमती मंजूलता बाज के निर्देशन में सायबर सेल की टीम एवं थाना सिटी कोतवाली की टीम द्वारा की गई है।

# पिकअप वाहन से 28 क्विंटल ओडिशा का धान जब्त



**सरायपाली।** सिरपुर, कोलीहादेवरी जांच नाका के पास बीती रात मंडी व पुलिस विभाग द्वारा तेज गति से भाग रहे एक पिकअप वाहन से 28 क्विंटल ओडिशा का धान जब्त किया गया। मिली जानकारी अनुसार बीती रात लगभग 11बजे सिरपुर, कोलिहादेवरी जांच नाका के पास एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक ओडी 03 के 2650 तेज गति से भाग रहा था, जिसे मंडी व पुलिस विभाग द्वारा दौड़ा कर पकड़ा गया। वाहन की जांच करने पर उसमें 70 पैकेट धान वजन लगभग 28 क्विंटल पाया गया। वाहन चालक रमुणी रंजन प्रधान निवासी तेलमाहुल, जिला बरगढ़ के द्वारा उक्त धान का अवैध परिवहन कर उड़ीसा से छत्तीसगढ़ में लाया जा रहा था, जिसे वाहन सहित जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई में मंडी सचिव सुशील कुमार साहू, मंडी कर्मचारी जैनेंद्र कुमार पटेल व पंकजराज पटेल, आरक्षक थाना बलौदा संदीप प्रधान व मनीष भोई, सैनिक दीवान व अन्य नाका कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में शामिल हुए विधायक



**बसना।** ग्राम पतरडीह में यंग स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल शामिल हुए। विधायक द्वारा फीता काट कर एवं टॉस उछाल कर समापन समारोह के सेमीफाइनल मैच का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज हमारे ग्राम पतरडीह में युवाओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए आपसी समरसता के साथ, भाईचारे के साथ एक साथ मिलकर एक अच्छे माहौल में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया है, हमें अपने जीवन में निश्चित रूप से खेल के प्रति लगाव होना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए भी हमें खेल खेलना जरूरी है। मानसिक व शारीरिक संतुलन के लिए खेल अतिआवश्यक है। खेल से हमारे शरीर को हमेशा लाभ मिलता है। चाहे कोई भी खेल हो उसे खेल भावना से ही खेलना चाहिए। खेल में हार जीत दोनों होगा। एक टीम जीतती है तो दूसरी टीम जीतती है। कोई भी टीम व खिलाड़ियों को हार से मायूस नहीं होना चाहिए। हम सभी जीतने पर जिस प्रकार से खुशियां मनाते हैं ठीक उसी प्रकार अगर हमें हार का सामना करना पड़ता है तो हमें हार से सीख लेते पुनः हमें कड़ी मेहनत कर बाउंस बैक करते हुए आगे बढ़ना है।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, नरेंद्र बोरे, पार्षद गौतम धृतलहरे, उद्यानिकी विभाग अधिकारी उपेंद्र नाग, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी चन्द्रहास नाग, प्रवीण यादव, विजय धृतलहरे, पत्रकार देशराज दास, मनेश गुप्ता, राहुल चतुर्वेदी, कामेश्वर सोनी, जतिन धृतलहरे, अशोक कोसरिया, मुन्नु भाई, अरेकेल कप्तान किशोर भोई, बसना कप्तान फरान दयाल सहित बड़ी संख्या खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### गुरुकुल की छात्रा प्रमिला मेरिट सूची में

**मगरलोड।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा सत्र 2022-23 के बीए अंतिम वर्ष की मेरिट सूची जारी की गई जिसमें गुरुकुल महाविद्यालय मगरलोड की छात्रा प्रमिला निषाद पिता कोमल निषाद ने सातवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्रा को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के संचालक राजेश शर्मा लक्ष्मीकांत द्विवेदी, आदित्य शुक्ला, अय्यूब खान, देवेंद्र दादर एवं प्राचार्य डॉ. एचएल साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# डाइट में स्वामी विवेकानंद जयंती पर विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

### विवेकानंद की शिक्षा दर्शन पर आधारित प्रश्नोत्तरी व पोस्टर निर्माण

स्थानीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में विवेकानंद जयंती पर प्राचार्य मीना पाणिग्राही व सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक प्रभारी टेकराम सेन के संयोजन में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मीना पाणिग्राही ने कहा कि विवेकानंद भारतवर्ष के अमूल्य हीरा थे। उन्होंने अपने ज्ञान के प्रकाश से न केवल भारत वर्ष अपितु संपूर्ण विश्व को मार्ग दिकाया। उनका ज्ञान, मीमांसा एकात्मवाद व शिक्षा दर्शन आज के परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक है।

सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान, के सिंग व्याख्याता, राजेश चंद्राकर, उमादेवी शर्मा, टेकराम सेन, कमलेश पांडेय, संतोष साहू, सुमन दीवान, तिलोत्मा प्रधान, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीजवन दर्शन आज के जीवन शैली के लिए शिक्षा प्रद है। सभी ने एक स्वर में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने ऐसी शिक्षा पर बल दिया, जिसके माध्यम से विद्यार्थी की आत्मोन्नति हो और जो उसके चरित्र निर्माण में सहायक हो सके। इस अवसर पर छात्राध्यापकों द्वारा उनके जीवन एवं शिक्षा दर्शन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र अध्यापकों की 5 समूह में बांटकर प्रश्न पूछा गया। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों में पहला समूह ही विजेता रहा। इस अवसर पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम के निर्देशन पर निबंध, पोस्टर निर्माण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। छात्राध्यापकों की ओर से स्वाति जगत, युवराज, देशराज सिदार, पूजा ठाकुर, टिकेश्वर, संजय यादव, कमलेश यादव, रोशन धीवर, विनीता बसंत, हेमा ध्रुव, दीपेश दीप, केकती सिदार, गीता पटेल, सीमा साहू, पूर्णिमा बंजारे, मनीषा आंवड़े, वर्षा मानिकपुरी, मोनिका, रेणुका, गीतेश यदु, अनिल सिदार, पल्लवी ने सहभागिता दर्ज कराते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अमूल्य योगदान दिया। कार्यालयीन स्टाफ की ओर से योगेंद्र पांडे, प्रदीप साहू, आकांक्षा, राधा, मीना गरिमा उदित ने भी कार्यक्रम में उपस्थिति दी। कार्यक्रम का संचालन मोनिका, रेणुका एवं देशराज ने किया। उक्त जानकारी संस्थान की ओर से स्वाति जगत ने दी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा डूमरपाली में शामिल हुए जिला संयोजक चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर जिले में निरंतर जारी है। इसी के तहत ग्राम डुमरपाली में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा की रथ पहुंची।

कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा के संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेने कहा। साथ ही वंचित पात्र लोगों को भी इस कार्यक्रम के जरिए योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार दिलाने संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत के हर तबके और कोने कोने तक वंचित गांव, उनमें रहने वाले परिवार और सदस्यों तक केंद्र और राज्य की योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके। उन्होंने सभी से अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर सरपंच पुष्पा पटेल, हेमलता, निर्भय नायक, कमल कौशिक, परशु राम यादव, सागर साहू, धनकीतन पटेल, द्वारिका सेन, रैन सिंह ध्रुव, कृपाराम ठाकुर, कुलेश्वर पटेल मौजूद थे।



कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में बीपी, शुगर की जांच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने के लिए विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाएं जा रहे हैं। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



### समस्याओं के निराकरण के लिए घर-घर जनसंपर्क अभियान

**महासमुंद**। नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड नं 06 के पार्षद धर्मेंद्र यादव द्वारा वार्ड के लोगों व आम जनता को केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ दिलाने घर-घर जनसपर्क किया गया। मोदी सरकार के महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी। 19 जनवरी को नगर पंचायत तुमगांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा की भी जानकारी दी। जिसमें आम जनता का मजदूर कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम विश्कर्मा योजन, राशनकार्ड, आवास योजना का फार्म जमा किया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड नं 05 के पार्षद प्रतिनिधि लक्ष्मण पटेल, डोमार पटेल, हेमंत धीवर, रामचंद्र पटेल, महेश्वर धीवर, रामस्वरूप धीवर आदि मौजूद रहे।

### मेला हमारी संस्कृति का अभिन्न अंगः रूपकुमारी

**पटेवा**। विधानसभा के ग्राम भावा में आयोजित मड़ई मेला कार्यक्रम में महासमुंद भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधानसभा के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, संदीप दीवान, झलप पटेवा मंडल अध्यक्ष धरम पटेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। ग्राम की देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर सर्वकल्याण की कामना किए। श्रीमती चौधरी ने कहा कि मड़ई मेला हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। यह खुशियों और समृद्धि के साथ हमारी एकता का परिचायक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य अतिथियों ने कहा कि गांवों में मड़ई मेला होने से उत्सव का माहौल रहता है। मड़ई मेला का यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ संस्कृति की एक परंपरा है।

**आयोजन : विधायक ने निर्धन परिवारों को बांटी गर्म कपड़े व खाद्य सामग्री**

# पूर्णिमा ज्ञानेश्वरी फाउंडेशन की हुई शुरुआत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली


क्षेत्र में लंबे समय से निर्धन परिवारों की मदद करने वाली संस्था का पूर्णिमा ज्ञानेश्वरी फाउंडेशन का ग्राम लंबर में विधिवत शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने किया। इस दौरान ग्राम लंबर में फाउंडेशन के संस्थापक एवं संचालक अमित अभिलाषा चौरसिया और ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में निर्धन परिवारों को कंबल और राशन सामग्री विधायक चातुरी नंद और अतिथियों ने वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। पूर्णिमा ज्ञानेश्वरी फाउंडेशन लोगों से अनुपयोगी कपड़े लेकर निर्धन परिवारों तक पहुंचाने का काम कर रही है। साथ ही सबके सहयोग से जरूरतमंद परिवारों का मदद कर रही है।

कार्यक्रम में बसना नगर पंचायत के अध्यक्ष गजानंद साहू, सागर सरपंच कालिंदी अग्रवाल मुन्ना अग्रवाल, शिक्षक पूर्णानंद मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता घसिया सिदार, चौहान सेना के कार्यकारी अध्यक्ष उदयलाल चौहान, भीष्मदेव पटेल, आर के पटेल, पी पटेल, उग्रसेन पटेल, उर्मिला मिश्रा समेत फाउंडेशन के सदस्य और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस मौके पर विधायक चातुरी नंद ने कबड्डी प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक नंद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विधायक चातुरी नंद ने 50 नग साड़ी, कंबल और 1 क्विंटल चावल देने की घोषणा की।

# सामान्य अध्ययन-1 पर टेस्ट हुई, 108 परीक्षार्थी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज छठवां टेस्ट का आयोजन किया गया। डी बसंत साव समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में छठवां टेस्ट पेपर सामान्य अध्ययन-1 का हुआ। छठवां टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 82 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 26 परीक्षार्थियों कुल 108 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 10 टेस्ट के क्रम में सातवां टेस्ट का आयोजन 21 जनवरी को सामान्य अध्ययन -2 का टेस्ट आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और पीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ ने की शिक्षा मंत्री से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग प्रदेश संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा, उपाध्यक्ष रामचंद्र सोनवंशी, महासचिव मोहन लहरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल के संरक्षण में स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से निज निवास मौलश्री विहार रायपुर में उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी मिलने पर हर्ष जताया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने समन्वयकों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया।

मंत्री की इस सहजता से समन्वयकों का प्रतिनिधिमंडल उत्साहित नजर आया। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने संकुल समन्वयकों के शिक्षा के प्रति कर्तव्यनिष्ठता और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सम्पर्ण से शिक्षा मंत्री को अवगत कराया। संगठन ने अपनी मांगों में प्रमुखता से गैर शिक्षकीय कार्यो से मुक्ति सहित मूल शाला में तीन कालखंड



अध्यापन की अनिवार्यता को प्रमुखता से रखा और कहा कि संकुल समन्वयकों के अकादमिक समर्थक का मूल उद्देश्य इससे प्राप्त नहीं हो पा रहा है, शिक्षा मंत्री को बताया कि समन्वयक से केवल अकादमिक सहयोग लेने से शिक्षा के स्तर पर अमूलचूल परिवर्तन देखने को मिलेगा। संगठन के मांग पत्र पर हुए चर्चा में शिक्षा मंत्री ने कहा कि संकुल समन्वयकों की मांगों पर विचार कर जल्द आदेश जारी किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री के साथ साथ पुरंदर मिश्रा विधायक नगर उत्तर रायपुर से जगन्नाथ मंदिर शंकर नगर कार्यालय में भेंट कर ज्ञापन सौंपा। मिश्रा ने शीघ्र ही इस पर विभाग को पत्र लिखने का आश्वासन दिया।

विधायक बसना डॉ. संपत अग्रवाल से वीआईपी रोड राम मंदिर स्थित कार्यालय में भेंट कर ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने दिव्या उमेश मिश्रा संचालक-लोक शिक्षण संचालनालय, संजीव कुमार झा प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा, डॉ एम सुधीश सहायक संचालक समग्र शिक्षा से भेंट कर समन्वयकों की समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री, विधायक व अधिकारियों से भेंट करने वाले प्रतिनिधि मंडल में पूर्णानंद मिश्रा प्रांताध्यक्ष, रामचंद्र सोनवंशी उपाध्यक्ष, मोहन लहरी प्रांतीय महासचिव, शैलेश कुमार दुबे प्रदेश सहसचिव, निधिलता जायसवाल जिलाध्यक्ष जांजगीर चांपा सहित अन्य समन्वयक प्रतिनिधि शामिल थे। उपरोक्त जानकारी संकुल समन्वयक आशीष कुमार साहू ने दी है।

# सर्व गांड़ा समाज का नववर्ष मिलन समारोह के साथ चिंतन बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सर्व गांड़ा समाज जिला महासमुंद की चिंतन बैठक एवं नववर्ष मिलन समारोह तथा वार्षिक कार्य योजना संबंधी बैठक बलौदा बाजार जिले के गिरोधपुरी धाम में हुआ। जिले के सभी पदाधिकारी उत्साह पूर्ण माहौल में बैठक में सम्मिलित हुए वह एक दूसरे को परस्पर नव वर्ष की बधाई देते हुए समाज के विकास की चिंतन करते हुए जागरूकता के साथ काम करने का आव्हान किया। सर्वसम्मति से सामाजिक जनगणना एवं प्रति व्यक्ति सहयोग राशि संकलित करने सभी विकासखंडों परी क्षेत्र में बैठक आयोजित कर कार्य योजना को क्रियान्वित करने पर बोल दिया गया। जिले का आय व्यय प्रस्तुत किया गया। जिले के



कोष को बढ़ाने के लिए सभी जिला पदाधिकारी गण 1000 की सहयोग राशि एवं परिक्षेत्र अध्यक्षगण 200 रुपए की सहयोग राशि जमा करेंगे। महाशिवरात्रि पर्व में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, सक्रिय कार्यकर्ता, सक्रिय समाज सेवक, व्यापारी किसान एवं कलाकारों का सम्मान किया जाएगा। शीघ्र ही ब्लॉक एवं परिक्षेत्र पदाधिकारी की बैठक बुलाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। आगामी 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे सरायपाली स्थित वीरेंद्र नगर के सामाजिक भवन में सरायपाली बसना एवं पिथौरा के ब्लॉक अध्यक्षों, परिक्षेत्र अध्यक्षों की अति आवश्यक बैठक रखी जा रही है। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव बंशी तांडी ने दी है।

# श्रीराम जानकी मंदिर में दीया वितरण का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

आगामी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रखर अग्रवाल संस्थापक संचालक संगम सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीराम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान श्री राम माता सीता का आशीर्वाद प्राप्त कर दीया वितरण कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र, माता सीता, वीर बजरंग बली हनुमान की वेशभूषा धारण कर रथ में सवार आगे आगे कीर्तन, डीजे में एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम, जय श्रीराम का धुन पूरे नगर गूंज रहा है। संगम सेवा समिति के सदस्यों एवं संस्था प्रमुख प्रखर अग्रवाल द्वारा घर-घर, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, आवाजाही राहगीरों, रोजी-रोटी के लिए बैठे समान विक्रेताओं, ठेलों में जाकर हाथ जोड़कर आगामी 22 जनवरी को मंदिर प्रमाण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। संगम सेवा समिति के संस्थापक संचालक प्रखर अग्रवाल से प्राप्त जानकारी अनुसार दीया वितरण कार्यक्रम आगामी 21 जनवरी तक निरंतर नगर पालिका परिषद अन्तर्गत सभी 15 वार्डों में किया जाएगा। कार्यक्रम में फुलझर डिफेंस अकादमी के संचालक धर्मेंद्र चौधरी एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने प्रमुख रूप से समिति के संस्थापक संचालक प्रखर अग्रवाल, तुषार सेन, आशीष सेन, अंकुर यदु, आयुष साहू, रिंकू पटेल, अभिनय शाह, तरुण गड़तिया, खिरेंद्र पटेल, मुरली महाराज, रिंकू साहू, मनोज साहू, रोशन बारीक, अरुण गुप्ता, सूरज मटारी आदि मौजूद रहे।

# अघरिया समाज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



अघरिया समाज पाटसेंद्री परिक्षेत्र की बैठक ग्राम अमरकोट में परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कामता पटेल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी दिनों 10 मार्च को अघरिया धाम पैता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। जिसमें परिक्षेत्र की महिलाओं को अधिक से अधिक कार्यक्रम में शामिल करने चर्चा की गई।

परिक्षेत्रीय बैठक में तीन बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें महिला दिवस पर महिलाओं की अधिक उपस्थिति, अघरिया धाम पैता के निर्माण के लिए अधिक से अधिक लोगों को दान करने के लिए प्रेरित करने जिससे ज्यादा से ज्यादा दान की राशि कलेक्शन हो सके, इसके अलावा समाज के कुरीतियों, अपव्यय विषय को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान पूर्व विधायक पटेल, खेमराज पटेल जितेंद्र पटेल, विश्वनाथ नायक, तुलाराम पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, सेतलाल पटेल, प्यारेलाल पटेल, धनेश पटेल, टेकनु पटेल, नरोत्तम, डमरू धर, भैरव प्रसाद पटेल, टिकेश्वर पटेल, महेश पटेल, सुशांत पटेल, शिशुपाल पटेल, चिंतामणी पटेल, गजेंद्र, रविलाल, पीतांबर के अलावा अमरकोट, मुंधा, बानी पाली, पाटसेंद्री, गिरिसा, चंडीभोना, बोंदा, मोहदा आदि मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन परि क्षेत्रीय सचिव महेश पटेल ने किया।



### अंतरशालेय कबड्डी स्पर्धा में शामिल हुए प्रखर

**सरायपाली**। अंतरशालेय (बालक /बालिका) कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम कलेंडा में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्च माध्या विद्यालय कलेण्डा आयोजक युवा क्षेत्रीय खेल विकास एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल, अध्यक्षता मिनकेतन पटेल सरपंच प्रतिनिधि एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि विजय प्रधान पूर्व जिला मंत्री भाजपा, एसआर साहू रहे। मंच पर केआर पटेल संस्थापक सदस्य, ध्रुव मलिक संरक्षक, गिरधारी साहू, मुरलीधर भोई पूर्व जनपद सदस्य, लोकनाथ चौधरी पूर्व शाला वि समिति के अध्यक्ष, उत्तम डनसना सरपंच संघ उपाध्यक्ष, राजेश साहू सांसद प्रतिनिधि, खिरोद पंच सुदाम प्रधान, परमेश्वर साहू, संगम सेवा समिति के सदस्य तुषार सेन, आशीष सेन, रिंकु पटेल, तरुण गड़तिया, विजयनाग, आयुष साहू रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अग्रवाल ने सभी मंचासीन अतिथियों का आभार जताया एवं युवाओं को खेल में सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही कलेंडा ग्रामवासी एवं खेल देखने आए लोगों का अभिवादन किया।

# विशेष स्वच्छता अभियान के तहत महामाया मंदिर परिसर में भाजपाइयों ने की साफ-सफाई

**महासमुंद**। भाजपा जनता पार्टी शीर्ष संगठन के निर्देशानुसार भाजपा शहर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मां महामाया मंदिर परिसर में साफ सफाई कर विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में किया। विधायक सिन्हा ने विशेष स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के बारे में उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों को बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के आह्वान पर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीरामचन्द्र जी की नवनिर्मित भव्य राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक पल को हरेक धार्मिक स्थल पर भव्य और प्राण प्रतिष्ठा के दिन भक्तिमय बनाने में 14 से 22 जनवरी तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की जाएगी।



महामाया मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक राजू साहू, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, एमआर विश्वनाथन, पार्षद मंगेश टांकसाले, हफीज कुरैशी, हेमलता यादव, शक्ति केंद्र प्रभारी विष्णु चंद्राकर, मुन्ना साहू, हिमांशु चंद्राकर, राकेश श्रीवास्तव, हनीश बग्गा, गणेश चौहान, जतिन रूपरेला, खुशाल ठाकुर, अंकुर गौर, पलाश यादव, प्रशांत यादव, हेमलता केशरवानी, संतोष तांडव, सुरेश साहू सहित भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता और श्रमवीर कर्मचारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में महासमुंद ने बनाई विशेष पहचान

**महासमुंद**। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी आदर्श विद्यालय के सभागार में किया गया। जिसमें विकासखंड स्तर के प्रत्येक संकुल से एक सक्रिय महिला शिक्षक तथा संकुल समन्वयक उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएमसी समग्र शिक्षा महासमुंद कमल नारायण चंद्राकर, एपीसी संपा बोस, विशेष अतिथि एफएलएन प्रभारी प्रियंका पटेल एवम बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम में चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में महासमुंद जिला ने अपनी विशेष पहचान बनाई है, यहां स्वप्रेरित शिक्षिकाओं द्वारा अधिक से अधिक स्मार्ट माता को जोड़ा गया। ताकि, वे घर पर बच्चों के साथ गतिविधि कर बच्चो के सर्वांगीण विकास में सहयोगी हो। बीआरसी सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का संपूर्ण विकास करना है, वह भी माताओं के द्वारा। घर पर ही पारिवारिक वातावरण में आनंदमय माहौल में हो। प्रशिक्षण पर अंगना म शिक्षा के अब तक के सफर को विस्तार से बताया गया कि किस प्रकार से यह कार्यक्रम स्वप्रेरित महिला शिक्षिकाओं द्वारा शून्य निवेश पर शुरुआत किया गया और इसमें माताओं को जोड़कर उनकी क्षमता वृद्धि कर उनकी सहभागिता प्राप्त किया गया।

तृतीय चरण तक स्मार्ट माता का चयन कर उनका गठन कर उन्हें टेलीग्राम से जोड़ना, ताकि वे गतिविधियों को आदान प्रदान कर सकें। चतुर्थ चरण में जनवरी से मार्च माह तक बच्चों के माताओं के साथ गतिविधि कराई जानी है, जिसमें प्रत्येक माह एक एक गणित व भाषा की गतिविधि खेल खेल के माध्यम से होगी। जिसमें अक्षरों को जोड़कर शब्द निर्माण, जोड़ने घटाने की सांक्रिया, सम विषम की पहचान, करना बताया जाएगा। कार्यक्रम में सिर्फ कक्षा पहली व दूसरी के बच्चें व उनकी माताएं भाग लेंगी। 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार मनाया जाएगा। जिसमें मेला का आयोजन कर नौ काउंटर बनाया जाएगा। इसमें आंगनबाड़ी, बालवाड़ी के बच्चों और माताओं को शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रथम फाउंडेशन के प्रभारी निर्झर बैरागी एवं कोमल साहू ने भी एफएलएन पर विस्तृत जानकारी दी। प्राथमिक शाला के एक महिला शिक्षक प्रशिक्षण लेंगी। ताकि, आने वाले माह में की जाने वाली गतिविधियों का आयोजन सफलता पूर्वक किया जा सके। प्रशिक्षण में स्मार्ट माता नम्रता नामदेव, बालिका समृद्धि नामदेव के साथ जिला नोडल भारती सोनी एवं खेमिन साहू द्वारा गतिविधि कराकर बताया गया। प्रशिक्षण में प्रथम फाउंडेशन के प्रभारी निर्झर बैरागी एवं कोमल साहू सर ने भी एफएलएन पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र की शुरुआत गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के वरिष्ठ परिजन बोधराम साहू द्वारा सत्संकल्प पाठ कराया गया। मनहरण लाल साहू द्वारा विद्यालय के बच्चों में संस्कार किस प्रकार लाया जाए, विद्यालयों में बाल संस्कार शाला का संचालन करने पर विचार अभिव्यक्ति दी गई। लीलाधर सिन्हा बीईओ ने सभी शिक्षकों को मन लगाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया।

शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी के शिक्षक सिराज बक्श द्वारा बाल केंद्रित शिक्षा पर अपने विचार एवं अपने शाला में किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। इसी तर्क में भाषा शिक्षण और भाषा से जुड़ी हुई गतिविधियों, नई शिक्षा नीति 2020 पर शिक्षक प्रधान पाठक गोपाल साहू द्वारा प्रकाश डाला गया। डाइट व्याख्याता का किरण कन्नौजे द्वारा प्राथमिक शाला में शिक्षण पद्धति एवं गतिविधियों के बारे में शिक्षकों और संकुल समन्वयकों को जानकारी दी गई। अंत में व्याख्याता भारत साहू द्वारा भाषा के चार कौशल सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना के साथ ही साथ विचार कौशल और समझ के साथ पढ़ना के बारे में अपने विचार रखें।



## खबर संक्षेप



### पूजित अक्षत का घर-घर वितरण

**महासमुंद।** गौरव ग्राम भोरिंग में भगवान राम लला की जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर वहां से आए पूजित अक्षत का घर-घर वितरण किया जा रहा है। इस दौरान संतराम साहू, शशिकांत साहू (मंडल महामंत्री), तेजराम साहू, नीलकमल आचार्य, तिलक साहू, ऊदल मानिकपुरी, मदन साहू, सतीश साहू, रूपलाल साहू, दुलेश्वर साहू, भूपेश, लंकेश सहित रामभक्तगण उपस्थित रहे।

### फर्शी संघ ने किया विधायकों का सम्मान



**महासमुंद।** महानदी फर्शी संघ द्वारा के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व बसना विधायक संपत अग्रवाल स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अध्यक्ष झालाराम चंद्राकर, उपाध्यक्ष कांति भाई पटेल, कपिल साहू, सचिव दीप कुमार अग्रवाल, जगदीश टावरी, कोषाध्यक्ष मुकेश लुनिया, कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र चंद्राकर, मनीष कोठारी, संजय भोजवानी, शिव रात्रे, दशरथ चंद्राकर, अशोक साहू, मनीष माहेश्वरी, धनेश चंद्राकर, दुष्यंत साहू, विपिन जैन उपस्थित रहे।

### चिरको में महाकाली यज्ञ आज से

**पटेवा।** समीपस्थ ग्राम चिरको में समस्त काली माता भक्त एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 15 जनवरी से 17 जनवरी तक तीन दिवसीय अखंड महाकाली यज्ञ का आयोजन रखा गया है। 17 जनवरी को मूर्ति विसर्जन सांग पार्टी पटेवा द्वारा किया जाएगा। इसी दिन रात्रि में गंवई के हीरा नाच पार्टी जेवरा बसना का कार्यक्रम होगा। यहां प्रतिदिन कार्यक्रम तक आम भंडारा का आयोजन किया गया। उक्ताशय की जानकारी मिलेन सेन ने दी है।

### खरोरा में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के साईं मंदिर में आशी बाई गोलछा हायर सेकंडरी स्कूल का सात दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित है। शिविर के पांचवें दिन मुख्य अतिथि सरपंच सुनीता चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, प्रचार्य जीआर सिन्हा, कार्यक्रम अधिकारी मधुमति चंद्राकर, शकुन चंद्राकर रहे। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि अयोध्या धाम में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्य को लेकर देश के सभी जगहों पर राम मंदिर के आसपास जगह पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खरोरा के राधा कृष्ण मंदिर एवं शहीद स्मारक के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## धर्म-कर्म: मकर संक्रांति पर कोमाखान में हुआ कार्यक्रम

# कोमाखान में वाद्य यंत्र के साथ निकाली धर्म जागरण यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान



विप्र समाज कोमाखान के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर प्रातः 5 बजे वाद्य यंत्र शंख घंट के साथ रामधुन के साथ धर्म जागरण प्रभात यात्रा निकाली गई। यात्रा में जयघोष के साथ सिंह वाहिनी ज्वाला मंदिर से प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर राजा बाड़ा में प्रातः आरती की गई। साथ ही राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिए आमंत्रण भेंट किया गया।

कार्यक्रम का समापन विप्र भवन कोमाखान में हुआ। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी सदस्य, युवा विप्र समाज, महिला विप्र वाहिनी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समाज के सचिव डा विजय शर्मा द्वारा आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। समाज के अध्यक्ष शिव उपाध्याय द्वारा सामाजिक संदर्भ में हमारी भूमिका और आगामी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। डॉ अरुण शुक्ला ने गतिविधि पर मार्गदर्शन दिया। उपाध्यक्ष मोतीलाल तिवारी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्रांति तिवारी, हेमंत शर्मा, कीर्ति शर्मा, राजेंद्र शर्मा, पं अनिल शास्त्री, थियेंद्र प्रताप सिंह, हिरेंद्र उपाध्याय, सतीश बाजपेयी सुरेंद्र दुबे, देवव्रत शर्मा, संरक्षक सुनील शुक्ला, मनोज तिवारी, सागर त्रिपाठी, राजकुमार तिवारी, अक्षय शर्मा, हेमप्रकाश, प्रदीप, राजा शर्मा, सपन प्रवीण, टिकेश्वर, धनेश्वर उपाध्याय, सुरेश तिवारी, अभिषेक तिवारी, देवऋषि मिश्रा, सीमा बाजपेयी, अनिता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए रणनीति बनाकर तैयारी करने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान

- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महाविद्यालय में कॅरियर गाइडेंस का आयोजन



के निर्देशन में पाथ आईएएस अकेडमी रायपुर द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत एवं भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के लिए कॅरियर गाइडेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पाथ आईएएस एकेडमी के संचालक डॉ हामिद खान द्वारा करियर गाइडेंस अंतर्गत शासकीय सेवा में रोजगार, निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए रणनीति बनाकर तैयारी करने के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। मार्गदर्शन पश्चात छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पाथ आईएएस एकेडमी संस्थान द्वारा विभिन्न विषयों के नोट्स सेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में डॉ हामिद खान एवं उनकी टीम को महाविद्यालय की ओर से मोमेंटो एवं फल प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा ने किया।

इस अवसर पर मोहम्मद करीम खान, सहयोगी प्रकाश एवं सहायक प्राध्यापक लता भोई, मनहरण ठाकुर, सहायक ग्रेड एक फलेश दीवान, ऋषि वर्मा, अतिथि व्याख्याता राखी यदु, दीक्षा गजेंद्र, प्रेमलता सेंदरिया, हेमलता नायक, डा जीवन लाल चंद्राकर, नसीरून्निशा, सविता पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एनएच-53 काटकर बनाए गए अवैध रास्तों से बढ़ रहीं दुर्घटनाएं : सुधा

## महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी के नाम पत्र लिखकर हाइवे को काटकर बनाए गए अवैध रास्तों को तत्काल बंद कराए जाने की मांग की है।

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने कहा कि एनएच-53 में सरायपाली तक अनेक स्थानों पर अवैध कट बने हैं। आए दिन हादसों में वाहन चालकों व राहगीरों की जान जा रही है। उन्होंने तत्काल ऐसे अवैध रूप से बनाए गए रास्तों को बंद करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाइवे के अवैध रास्ते, हादसों का कारण बनते हैं। यही हादसे कई बार इतने खतरनाक होते हैं कि मौत का कारण भी बनते हैं। इसके बावजूद हाईवे पर अवैध कटों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया।



उन्होंने कहा कि नेशनल हाइवे का निर्माण वाहनों चालकों की सुविधा के मुताबिक होता है। जिससे वाहनों की गति के बीच हर किसी को इस पर से आना जाना सुगम रहे। इसके लिए हाइवे पर रास्तों को लेकर विशेष बातों का ध्यान रखा जा रहा है। कटों की जगह सड़क के डिजाइन में बदलाव किया जाता है। ताकि, दूसरी तरफ मुड़ने वाला वाहन तेज गति में होने के बावजूद बहुत कम खतरे के बीच दूसरी ओर निकल जाता है। इन कटों से पहले ही वाहन चालकों को दिशा सूचक लगाकर सावधान कर दिया जाता है। वहीं सड़क से गुजरने वाले वाहन चालक इस पर विशेष रूप से फोकस करते हैं, लेकिन अवैध कटों पर हमेशा हादसे का खतरा बनता है। हाइवे से तेज गति से गुजर रहे वाहन की एक तो गति तेज होती है। दूसरा इसका कोई आभास नहीं होता है, लिहाजा अवैध रास्ते से अचानक निकलने वाले वाहन के कारण हादसे हो जाते हैं। हाइवे पर चलने वाले वाहन का ध्यान सीधे रोड पर होता है, लिहाजा रास्ते से निकलने वाले वाहन से उसकी टक्कर हो जाती है। अतः उक्त सभी बातों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने शीघ्र एनएच-53 पर बने अवैध कटों को सील करने तथा क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने की मांग की है। ताकि, हादसों पर नियंत्रण हो व राहगीरों के लिए यातायात सुगम हो सके।



### छात्राओं को दिया गया कॅरियर गाइडेंस

**महासमुंद।** विज्ञान गतिविधियों के अंतर्गत अंजनिया यूनिवर्सिटी रायपुर से आए हुए प्रो सुकन्या गुहा एवं भावेश पात्रा द्वारा कॅरियर गाइडेंस का कार्यक्रम आशी बाई गोलछा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कराया गया। प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन पूजा साहू ने किया। करियर काउंसलिंग के अंतर्गत छात्राओं को यह बताया गया कि पहले के समय में कुछ ही ऑप्शंस में विद्यार्थियों को अपना करियर चुनना होता था। किंतु, वर्तमान परिपेक्ष में फिल्म मेकिंग, फोटोग्राफी, फैशन डिजाइनिंग, होटल मैनेजमेंट, कंटेंट क्रिएटर, प्रभावी वक्ता, फोरेंसिक साइंस के अलावा भी बहुत सारे स्कोप है। साइंस में ऐसे नए विषय उभर कर आया है, जिसमें बच्चे अपना कैरियर बना सकते हैं। कार्यक्रम में व्याख्याता डॉ ज्योति किरण चंद्राकर, खेमलता कंवर, चंद्रशेखर मिथिलेश उपस्थित रहे।



### संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को दी गई जानकारी

**पटेवा।** मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत महासमुंद विधानसभा के ग्राम जोगीडीपा में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील पटेल, धीरेंद्र गिरी गोस्वामी, विकास अग्रवाल, प्रेमलाल यादव, राजेंद्र गंगवंशी, श्याम लाल लहरे, रेशम जांगडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच मनिहार ध्रुव एवं आभार छबिलाल ने की। मुख्य अतिथि पटेल ने कहा कि मोदी सरकार सदैव गांव गरीब किसान के हित मे कार्य करती हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुंचाती हैं।

# कमरौद में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** कमरौद के शासकीय नवीन कन्या पूमा शाला एवं शा कन्या प्रा शाला में शाला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में घनश्याम साहू जनपद सदस्य, एवं विशेष अतिथि के रूप में दीवान, प्रभारी प्राचार्य रीति दीवान हायर सेकंडरी स्कूल कमरौद, व्याख्याता मोहनलाल साहू, संकुल समन्वयक रूपेश कुमार साहू उपस्थित रहे, कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं अतिथियों द्वारा गोला फेंक कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन में से बच्चों को खेल का महत्व बताते हुए बच्चों को पुरस्कार राशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने खेल में गोला फेंक, दौड, रस्सी दौड़, रस्सी कूद, लोटा दौड, कुर्सी दौड़, फुगडी, कबड्डी में उत्साह के साथ भाग लिया। इस शाला स्तरीय वार्षिक खेल महोत्सव को सफल बनाने में शिक्षक चमन लाल साहू, राधेश्याम बगर्ती, खिलेश्वर प्रसाद साहू, भरत लाल साहू, चंद्रशेखर चंद्राकर, खोमन लाल साहू, शिक्षिका वंदना वर्मा का योगदान रहा। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सत्यभूषण नसीने द्वारा किया गया।

# सतनामी समाज बरोंडाबाजार परिक्षेत्र का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की बैठक हुई। मुख्य अतिथि युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष दिनेश बंजारे रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने की। बैठक में जिला, ब्लॉक पदाधिकारियों के साथ परिक्षेत्रीय गांव चिंगरौद, बम्हनी, लाफिन, परसठ्ठी, बरोंडाबाजार, मचेवा, परसकोल, कनेकेरा, मोंगरा भलेसर, खैरा के समाजजन मौजूद रहे। सर्वप्रथम रेखराज बघेल जिला सचिव द्वारा बैठक के उद्देश्य नियमावली से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष बंजारे ने जिला में शिक्षा, रोजगार व सामाजिक संरचना मजबूत करने की जा रही कार्यों को बताया। मुख्य अतिथि बंजारे ने सामाजिक विकास के लिए समाज को अनुशासित व संगठित करने की बात कहीं।

बैठक में महासमुंद ब्लॉक के बरोंडाबाजार परिक्षेत्र का गठन किया गया। सेना में अनुशासित रहने वाले भूतपूर्व सैनिक लक्ष्मण रात्रे बम्हनी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। सचिन गायकवाड़ बरोंडाबाजार, नारायण टंडन परसकोल, मानदास ओगरे भलेसर, तामेश्वर कोसले कनेकेरा उपाध्यक्ष, सचिव दशरथ गायकवाड़ परसठ्ठी, सहसचिव दुर्गा प्रसाद मारकंडेय लाफिन, कोषाध्यक्ष बसंत कोसरे मचेवा, प्रवक्ता मदन बारले चिंगरौद, मीडिया प्रभारी मुकेश कुर्रे व विमल निराला को मनोनीत किया गया। सलाहकार जनकराम बंजारे, तुलाराम गायकवाड़ तथा सभी गांवों के एक-एक कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर कामता सोनवानी, चैनदास मारकंडेय, धनेंद्र बंजारे, हीरालाल निराला, तारण बंजारे, राजकुमार सोनवानी, गणेश कुर्रे, गणेश गिलहरे, राजेंद्र रात्रे, रवि नारंग, मानसिंग कोसरे व क्षेत्रीय चपरासी के लिए छबिराम टंडन परसकोल को बनाया गया। बैठक में खोशिल गेंड्रे जिला कोषाध्यक्ष, राजेश रात्रे जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, के सोनटके जिलाध्यक्ष साहित्य प्रकोष्ठ, घनश्याम जांगड़े जिला प्रतिनिधि, ब्लॉक कार्यकारिणी से चित्र कुमार भारती अध्यक्ष, गणेश टंडन सचिव, संतोष निराला मीडिया प्रभारी, पुरन बघेल प्रवक्ता, संतोष नारंग, योगेश मधुकर शहर अध्यक्ष, प्रताप मन्नाडे संघर्ष प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ से चमन कुर्रे जिला उपाध्यक्ष, रामनारायण जांगड़े ब्लाक अध्यक्ष, सत्यभान जेंड्रे जनपद सदस्य, रवि डहरिया, चंद्रप्रकाश ढीढी आदि मौजूद रहे।

# लाफिनखुर्द स्कूल में मनाया गया युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में युवा दिवस पर कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि संतोष कुमार साहू रहे। अध्यक्षता नामदेव साहू सांसद प्रतिनिधि ने की। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बाद संध्या पटेल, माधुरी, उर्वशी कक्षा 9वी तथा छत्र कुमार 10वीं ने गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए। अध्यक्ष नामदेव साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर ले जाकर एक नई पहचान दी। तत्पश्चात भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की परिणाम घोषित किया गया। जिसमें संध्या पटेल, गोपाल साहू, उर्वशी यादव 9वी एवं भीमशंकर, छत्रकुमार 10वी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी छात्रों को आकर्षक प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार प्रदान किया गया।

संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति ही विश्व की श्रेष्ठ संस्कृति है। हम सभी अपनी संस्कृति पर गर्व करते हुए अपने जीवन में उतारने, उसका पालन करने का प्रयास करते रहे। भारतीय कर्मकांड में वैज्ञानिकता छुपी है। अतः इसे केवल कर्म कांड ही ना माने व अध्यात्म को जीवन में स्थान दें। प्रकाश चंद्राकर ने भी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रीति चंद्राकर, विनीता अंजली दीवान व्याख्याता, मंजूषा साहू, अमित देवागन, संदीप तिवारी आदि मौजूद रहे। यह जानकारी प्राचार्य भारत साहू ने दी।

# आईटीआई में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समावेश रहा। भाषण, वाद विवाद, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता, देश भक्ति गीत/राज्य गीत, कविता/चुटकुला, बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य व परिषद वक्ता अनंत सोनी प्रदेश सह मंत्री अभाविप, नगर मंत्री लवेश साहू रहे। संस्था के प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस का कार्यक्रम सभी विद्यार्थियों में नई ऊर्जा उत्पन्न करता है। स्वामी के वचनों का सब पालन करेंगे। अतिथियों ने सभी प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया। पश्चात अनंत सोनी के नेतृत्व में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण में अभाविप की नयी कार्यकरणी घोषणा की गई।

# भारतीय पुनर्जागरण के पुरोधा थे स्वामी विवेकानंद : मनु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सनातन धर्म से दुनिया को परिचित

- खरोरा स्कूल में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती



कराने वाले स्वामी विवेकानंद एक महान संत, दार्शनिक, समाज सुधारक के साथ ही कवि थे। उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य हासिल न हो जाए इस मंत्र को देने वाले स्वामी विवेकानंद भारतीय पुनर्जागरण के पुरोधा है, इसलिए उन्हें यूथ आइकॉन ऑफ इंडिया कहा जाता है। उक्त उद्गार थे राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मिडिल स्कूल खरोरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनु चंद्राकर थे।

उन्होंने कहा कि शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में विदेश की धरती पर भारतीय सनातन संस्कृति का ध्वज लहराया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मनीषा चंद्राकर ने कहा कि स्वामी के विराट व्यक्तित्व का अनुसरण कर सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। पालक मंच का प्रतिनिधित्व करते हुए सरिता यादव ने कहा कि विवेकानंद का संदेश भारत को नवीन ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रेरित करेगा। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक डोमार राम साहू ने कहा कि आओ मनुष्य बनें, अपनी संकीर्णता से बाहर आएं, अपना दृष्टिकोण व्यापक बनाते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में जुट जाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि शक्ति के बिना राष्ट्र का पुनरूत्थान संभव नहीं है। संस्कृति के संवर्द्धन, सुरक्षा व संप्रेषण में युवाओं व मातृशक्ति की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से समाज के विभिन्न स्तरों में संस्कार तथा समरसता को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। युवाओं के उत्थान से ही राष्ट्र का उत्थान संभव है और तभी स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाना सार्थक होगा। इस अवसर पर बाल संसद द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक दुबे कुमार पटेल एवं आभार प्रदर्शन रामेश्वरी ध्रुव ने किया। उक्ताशय की जानकारी सांस्कृतिक प्रभारी साक्षी चंद्राकर ने दी।



